Regarding shifting of railway godown adjacent to railway station in Deoria district headquarters to the area near Ahilyapur Railway Station in Deoria District-laid

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया के मुख्यालय पर स्थित रेलवे स्टेशन को ?अमृत भारत? स्टेशन घोषित किया गया है उससे सम्बंधित बगल में मालगोदाम स्थित है । जिस समय यह मालगोदाम बना उस समय देवरिया की आबादी कम थी । आज वर्तमान मे आबादी का विस्तार होने के कारण यह मालगोदाम घनी आबादी के बीच में आ गया है जिससे वहाँ माल लाने और ले जाने में कठिनाई तो पैदा हो ही रही है लेकिन ट्रकों से सड़को पर जाम लग जाता है उससे वहाँ घंटो तक रास्ता जाम होता है एवं लोगो का आवागमन अवरूद्ध होता है जिससे लोग आक्रोशित होतें है । जनभावना और शहर की परिस्थिति को देखते हुए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस मालगोदाम का स्थानान्तरण वहीं बगल में देवरिया के अहिल्यापुर रेलवे स्टेशन के पास जहा पर्याप्त जगह भी है वहाँ मालगोदाम को स्थापित कर दिया जाए जिससे शहर का आवागमन ठीक हो जाए और माल ले जाने एवं लाने में सुविधा हो सकें ।